कार्यवृत्त

आज दिनांक 17.11.2023 को समय 04:30 बजे न्यायालय परिसर सहारनपुर के ए.ड़ी.आर. भवन मे इस न्यायपीठ में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानो: चाय कैन्टीन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-02, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान न0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ की वित्तीय वर्ष-2023-2024 के शेष बची अवधि हेतु नीलामी समिति की बैठक हुई। बैठक में श्री महेश कुमार सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज कक्ष सं0-08 सहारनपुर, श्री आलोक शर्मा, सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज कक्ष सं0-11 सहारनपुर तथा श्री संजीव कुमार शर्मा, सदस्य नीलामी समिति / कोर्ट मैनेजर सहारनपुर उपस्थित आये। नीलामी समिति द्वारा नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

न्यायपीठ सहारनपुर के प्रतिष्ठानो: चाय कैन्टीन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-02, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान न0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी हेतु कोई बोलीदाता उपस्थित नही आया। किसी भी बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नही हो सकी।

अत: केन्द्रीय नाजिर को आदेशित किया जाता है कि वह नीलामी के सम्बन्ध में पुन: व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु न्यायपीठ के नोटिस बोर्ड़ व कलेक्ट्रेट में स्थित नोटिस बोर्ड तथा अन्य दृश्यमान स्थानों पर सार्वजनिक सूचना चस्पा करायें तथा दो स्थानीय समाचार-पत्रों व एक राष्ट्रीय समाचार-पत्र में प्रकाशन करायें एवं ज़िला न्यायालय सहारनपुर के पोर्टल तथा माननीय उच्च न्यायालय की अधिकृत वेबसाईट पर भी अपलोड़ करायें। नीलामी की अग्रिम तिथि दिनांक 27.11.2023 नियत की जाती है।

कार्यवृत्ति की एक प्रति माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया को सूचनार्थ प्रेषित।

17/11/23

(संजीव कुमार शर्मा)	(आलोक शर्मा)	(महेश कुमार)	(प्रकाश तिवारी)
सदस्य नीलामी समिति /	सदस्य नीलामी समिति /	सदस्य नीलामी समिति /	अध्यक्ष नीलामी समिति /
कोर्ट मैनेजर	अपर जिला जज कक्ष सं0-11	अपर जिला जज कक्ष सं0-08	विशेष न्यायाधीश(एस.सी./एस.टी.एक्ट)
सहारनपुर।	सहारनपुर।	सहारनपुर।	सहारनपुर।

अवलोकित

20/11/2023.